**Title:** Need for reopening of Central Schools at Bokaro, Govindpur in Bihar

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय ( गिरिडीह ):** हमारे संसदीय क्षेत्र एवं आसपास के केन्द्रीय विद्यालया बोकारो, गोबिंदपुर आदि बंद हो गए हैं। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के बच्चे प्रभावित हुए हैं। एक तरफ सरकार साक्षरता कार्यक्रम के द्वारा भारी मात्रा में धन खर्च कर रही है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ लाभुकों को नहीं मिल पाता है और कई स्थानों पर आबंटित राशि का दुरूपयोग होता है। दूसरी ओर जहां स्पट रूप से बच्चे पढ़ रहे हैं, शिक्षक काम कर रहे हैं, वहां विद्यालय बंद करके संकट खड़ा किया जा रहा है।

विद्यालयों की बंदी के कारण केन्द्रीय विद्यालय संगठन का प्रशासनिक बोझ बढ़ता जा रहा है। अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि बंद केन्द्रीय विद्यालयों को अविलम्ब चालू किया जाये।